



# जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 60 पद स्वीकृत, इसमें भी 35 खाली

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 27 जुलाई. जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं संकट से गुजर रही हैं।**

**जिला अस्पताल में बनी हुई है डॉक्टरों की कमी**

**5 अनुबंधित डॉक्टरों ने ही ली ज्वाईनिंग**

एक ओर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते इलाज की स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्थिति यह है कि ओपीडी में प्रतिदिन 600 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। हालात यह है कि विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी और संसाधनों के अभाव में गंभीर मरीजों को प्राथमिक इलाज देकर रेफर कर दिया जाता है। इधर ओपीडी के भी हालात ठीक नहीं है। यहां भी मरीजों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है। कई बार इलाज के लिए नंबर नहीं आने पर मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। यहां बता दें कि आदिवासी बाहुल्य जिला बैतूल में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, पर यह खर्च बिल्डिंग बनाने में किया जा रहा है, जबकि डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। हाल ही में हुए चिकित्सकों के तबादले में कोई चिकित्सक बैतूल तो नहीं आए, लेकिन जिला अस्पताल में पदस्थ छह चिकित्सकों के तबादले हो गए हैं। जिसके बाद जिला अस्पताल में



डॉक्टरों के रिक्त पदो की संख्या 35 पर पहुंच गई है।

**डॉक्टरों के यह पद पडे है रिक्त :** जानकार सूत्र बताते है कि अभी अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के 4 पद में से 2 पद रिक्त, स्त्री रोग विशेषज्ञ 4 पदों में से 1 रिक्त, शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 में से 5 रिक्त, नेत्र रोग विशेषज्ञ के 2 में से 1 रिक्त, रेडियोलॉजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, पैथालाजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, निश्चेतना विशेषज्ञ 2 में से 2 रिक्त, ईएनटी विशेषज्ञ 2 में से 2 रिक्त, हृदय रोग विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, क्षय रोग विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, चिकित्सा अधिकारी के 15 पद 1 रिक्त, दंत चिकित्सक द्वितीय श्रेणी 2 पद 1 रिक्त, आयुष चिकित्सक 1 पद रिक्त, ट्रामा सेंटर प्रथम श्रेणी मेडिकल विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, अस्थि रोग विशेषज्ञ 2 पद 2 रिक्त, सर्जिकल 2 पद 1 रिक्त, निश्चेतना विशेषज्ञ 2 पद 2 रिक्त, ट्रामा सेंटर में चिकित्सा अधिकारी 6 पद 6 रिक्त हैं।

> जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन को मांग पत्र भेजे जाते है। आशा है कि शासन इन पदो की जल्द ही प्रतिपूर्ति करेगा। 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है, जिसमें से 5 ने ज्वाइंनिंग ले ली है, 5 डॉक्टरों की परीक्षा है। जिसके बाद इन डॉक्टरों द्वारा भी ज्वाइन करने की संभावना है।
>
> **- डॉ. जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

## बरसात में बढ़ जाती है बीमारियों की आशंकाएं

बरसात के मौसम में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ता है। डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर जैसी मौसमी बीमारियों के साथ-साथ नाक, कान, गला और स्किन से संबंधित संक्रमणों में भी इजाफा होता है। वहीं दूसरी ओर फिसलन और कीचड़ के कारण हड्डी टूटने और चोट लगने की घटनाएं भी होती है। अभी जिला अस्पताल में ओपीडी करीब 600 से ऊपर रोजाना रहती है। यहां जिला मुख्यालय के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के मरीज भी अपना उपचार करवाने पहुंचते है। लेकिन अस्पताल में आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है, वह अलग है।

## 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति, सिर्फ 5 ने ली ज्वाईनिंग

जिला अस्तपाल में डॉक्टरों के 60 पद स्वीकृत हैं। जिसमें से 35 पद रिक्त है। जानकार बताते है कि जिला अस्पताल में प्रथम श्रेणी डॉक्टरों के 38 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान समय 12 डॉक्टर कार्यरत है, वहीं 26 पद रिक्त पड़े है। जबकि द्वितीय श्रेणी डॉक्टरों के 22 पद स्वीकृत है। इसमें से 13 कार्यरत है ओर 9 पद रिक्त पड़े है। ऊपर से 3 प्रथम श्रेणी और 3 द्वितीय श्रेणी डॉक्टरों का स्थानांतरण हो चुका है। लेकिन एक भी डॉक्टर जिला अस्पताल को नहीं मिला। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, लेकिन इसमें से मात्र 5 डॉक्टरों ने ही ज्वाइनिंग ली है। डॉक्टरों द्वारा ज्वाइन नहीं करने के कारण अस्पताल में आने वाले मरीज परेशान होते हैं।

## एक नजर में

### जिले में पिछले 24 घंटे में 48 .6 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083 .9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 484 .5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 416 .4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 48 .6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील बैतूल में 43 .6, घोड़ाडोंगरी में 10 .0, चिचोली में 70 .0, शाहपुर में 30 .0, मुलताई में 19 .0, प्रभात पट्टन में 47 .4, आमला में 35 .0, भैंसदेही में 56 .0, आठनेर में 80 .3. तथा भीमपुर में 95 .0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय शाहपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास रिफ्रेशर प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बैचवार आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक द्वारा मीना सातनकर और इंद्रसेन नागले प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर राजेश भट्ट, गणेश कुमरे ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक विद्या रैकवार ने जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के लिए प्रभावी कदम भी सुझाए गए। मास्टर ट्रेनर फरीदा अली ने जीवन कौशल सत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने विद्यालय में मेरी सीख का कोना, सक्षम वॉल, बिहेवियर मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचारों को लागू करने हेतु मार्गदर्शन किया और 11 जीवन कौशलों की मेहता और बारीकियां पर चर्चा की गई। जीवन कौशल सत्रों का संचालन गुणवत्ता पूर्वक करें साथ ही इन नवाचारों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से कार्यान्वित करें और नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

# हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटा, बंद रहा रेलवे ट्रैक

**बैतूल। बैतूल में नई दिल्ली-चेन्नई रेलवे ट्रैक पर हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटकर ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन पर गिर गया।**

**केबल टूटने से कई ट्रेनें हुई प्रभावित**

**अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रही गाड़ियां**

इससे नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। इस दौरान 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। जानकारी के अनुसार घटना रविवार तड़के 3 बजे कोसमी इंडस्ट्रियल एरिया के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। 4 घंटे की मशक्कत के बाद करीब 7 बजे डाउन ट्रैक (दिल्ली से चेन्नई) पर सुधार किया गया, जिसके बाद यातायात बहाल कर दिया गया। वहीं, सुबह 8 बजे अप ट्रैक (चेन्नई से दिल्ली) भी शुरू कर दिया गया। केबल गार्ड टूटने के तुरंत बाद रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञ, निरीक्षण दल और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गए। सुधार कार्य के दौरान दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया। चेन्नई की ओर जाने वाली ये ट्रेनें देरी से चल रहीं- राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे, दूरंतो एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, जबलपुर एक्सप्रेस 2 घंटे, पातालकोट एक्सप्रेस 3 घंटे, गोंडवाना एक्सप्रेस साढ़े 3 घंटे, एपी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा और जयंती एक्सप्रेस ढाई घंटा देरी से चल रही हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार केबल गार्ड टूटने से नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। पेंचवेली एक्सप्रेस को पांच घंटे बैतूल स्टेशन पर रोका गया। समता एक्सप्रेस मलकापुर 4 घंटे, त्रिकुल एक्सप्रेस ढाई घंटे, जयंती एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से चली।



# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**बैतूल। एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। 29 वर्षीय महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे ब्लैकमेल कर रुपए ठगने का प्रयास किया गया था।**

**आरोप, फोटो वायरल होने से आहत थी महिला**

**पुलिस मामला दर्ज कर कर रही जांच**

घटना चोपना थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि महिला ने अपना निजी फोटो वायरल होने के बाद आहत होकर जहर खा लिया था। जिसका उपचार कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि महिला की शादी 2011 में गोपालपुर निवासी युवक से हुई थी। उसका पति वर्तमान में राजस्थान की एक कंस्ट्रक्शन साइट पर सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत है। दंपति के दो बच्चे हैं, एक 9 साल का और दूसरा 4 साल का। सोमवार को महिला ने घर पर कीटनाशक पी लिया। उस समय उसका भांजा घर पर मौजूद था। जब उसे घबराहट होने लगी, तब उसने खुद बताया कि उसने जहर खा लिया है। परिजनों ने उसे तुरंत घोड़ाडोंगरी के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां दो दिन इलाज के बाद उसे पाढर मिशन अस्पताल ले जाया गया। फिर नागपुर रेफर किया गया।

नागपुर में तीन दिन इलाज के बाद उसे वापस बैतूल लाया गया, लेकिन बीती रात उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि जब महिला की हालत गंभीर थी, वह किसी व्यक्ति का नाम लेना चाहती थी, लेकिन आवाज नहीं निकल पाई। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# कैरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**बैतूल।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज संगठन द्वारा रविवार को केरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लगभग 300 युवा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समाज के सह-कोषाध्यक्ष राजेंद्र साठे ने बताया कि हाल ही में समाज की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि समाज के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि उनमें आत्मविश्वास बढ़े और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। साथ ही उन विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन दिया जाए जो अपने भविष्य को लेकर असमंजस में रहते हैं। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। 10वीं कक्षा में साधना गंगारे 95 प्रतिशत, आदर्श निर्मले (94.8 प्रतिशत, आंचल घो ?के 92.8 प्रतिशत और माधुरी चावरे 92.8 प्रतिशत को सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं कक्षा में आकांक्षा हुडे 93 प्रतिशत, निकिता कोकाटे 92.8 प्रतिशत और दीक्षा आसोले 90.4 प्रतिशत को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# थोड़ी सी बारिश या हवा चलते ही बिजली गुल

**सारनी।** क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। मामूली बारिश हो या हल्की हवा चले, सबसे पहले बिजली गायब हो जाती है। लगातार बिजली फॉल्ट से आमजन का जीना दूभर हो गया है। घरों में अंधेरा, बच्चों की पढ़ाई बाधित, व्यवसाय प्रभावित और मरीजों को भी हो रही परेशानी यह स्थिति अब आम हो चुकी है। निर्माण में अनियमितता बनी कारण स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली वितरण व्यवस्था में अनियमितता ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत का नतीजा है। घटिया सामग्री और लापरवाही से किए गए कार्यों के कारण यह हालात बने हैं। पोल,



वायरिंग, ट्रांसफॉर्मर कहीं भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसका सीधा असर अब उपभोक्ताओं पर हो रहा है। बताया गया कि इस गंभीर समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा जा चुका है, जिसमें उच्च स्तरीय समिति से जांच की मांग की गई थी। लेकिन अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं हुई। सवाल है कि आखिर कब तक लोग रोज-रोज फॉल्ट और बिजली गुल होने की मार झेलते रहेंगे। लोगों की मांग है कि स्थायी समाधान के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी जांच हो।

# हरियाली तीज पर 100 पौधे लगाकर किया धरती का श्रृंगार

**बैतूल।** बढ़ते शहरीकरण और कटते पेड़ों के दौर में जब हरियाली सिमट रही है, ऐसे समय में कुछ संस्थाएं आज भी पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उसे संवारने का कार्य कर रही हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में हरियाली तीज के पावन अवसर पर सहयोग मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा रविवार को वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन बैतूल के कोसमी क्षेत्र में किया गया, जिसमें सोसायटी के सदस्यों ने श्रमदान कर स्वयं गड्ढे खोदे और अपनत्व भाव से पौधे रोपे। पौधारोपण में लगाए गए पौधों में छायादार और फलदार दोनों प्रकार के पौधे शामिल रहे, जो आने वाले वर्षों में राहगीरों को न केवल छाया देंगे बल्कि फल भी प्रदान करेंगे। इस मौके पर सहयोग मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी के ब्रांच मैनेजर पिंकेश गायकी ने कहा कि पेड़-पौधे ईश्वर के होंठ हैं, इन्हीं से ईश्वर मुस्कुराते हैं। हम सबने इस वृक्षारोपण को ईश्वर की मुस्कान समझकर किया है। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत संकल्प है, जिसे भविष्य में और भी बड़े स्तर पर दोहराया जाएगा।

# पुलिस ने चलाया नशे से दूरी हस्ताक्षर अभियान

**सारनी।** समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने एवं युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सारनी पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया। यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा। पुलिस विभाग के सहयोग से स्थानीय परिसर में एक बड़ी हस्ताक्षर करने सफेद पोस्टर दीवार पर लगाई गई, जिस पर आम नागरिकों से लेकर अधिकारी तक नशे के खिलाफ अपने संकल्प की मुहर लगा रहे हैं। इस मौके पर सारनी एसडीओपी व पुलिस जवानों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एसडीओपी द्वारा हस्ताक्षर करते हुए




समाज को सकारात्मक संदेश देने की प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी जा रही है और उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया जा रहा है। सारनी पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान जनजागरण की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया है। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों एवं शिक्षण संस्थानों में भी आयोजित किया जाएगा।

# वैश्य महासम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष और प्रतिभाओं का सम्मान

**शाहपुर।** वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कार्यकारिणी की बैठक एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन शामिल था। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने किया, जिसमें जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने हेमंत खंडेलवाल का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। अपने संबोधन में हेमंत खंडेलवाल ने कहा, आप सभी का प्यार और




स्नेह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता करनी चाहिए और अन्य समाज के लोगों को भी साथ लेकर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में संरक्षक उमाशंकर गुप्ता ने संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया, जबकि महासम्मेलन के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल और प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने समाज के संगठन को सशक्त बनाने के विषय में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन हेमंत पगारिया, जिले के प्रभारी आशीष अग्रवाल और रोहित जैन द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अखिलेश गोठी ने किया। महासम्मेलन में बैतूल, घोड़ा डोंगरी, भौरा एवं शाहपुर के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक, पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरदीचंद पगारिया, योगी खंडेलवाल, और उषा गुप्ता जैसे समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने विशेष योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन के माध्यम से वैश्य समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और समाज के उत्थान के लिए योजनाएँ बनाई गईं।

**कार्यक्रम** विधायक बैतूल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया सहभाग

# मन की बात कार्यक्रम बज्जरवाडा में सम्पन्न, जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 27 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के ग्राम बज्जरवाडा में विशेष आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सहभागिता कर प्रधानमंत्री जी के विचारों का श्रवण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) मोहन नागर, पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, समाजसेवी



एवं शिक्षाविद श्रीमती ऋतु खंडेलवाल, सुधाकर पवार, सरपंच श्रीमती स्नेहलता इवने, कमलेश सिंह, नंदन यादव , रामसिंह काकोडिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा समाज और संस्कृति के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और समूहों का उल्लेख किया गया, जो हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं।

विधायक खंडेलवाल ने जानकारी दी कि बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर एक केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए बज्जरवाडा और बांचा की तर्ज पर अन्य गांवों में भी होम स्टे विकसित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक जनजातीय परंपराओं से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में कोदो, कुटकी, ज्वार और बाजरा जैसे पोषक अनाजों (मिलेट्स) के उत्पादन को और अधिक प्रोत्साहित किया जाए, जिससे बैतूल जिला जनजातीय क्षेत्रों के लिए एक मॉडल बन सके।

कार्यक्रम में सोहन नर्रे और उनके ग्रुप ने आकर्षक जनजातीय गीत प्रस्तुत किए, जिनकी सराहना करते हुए विधायक श्री खंडेलवाल ने उन्हें 21,000 और विधायक श्रीमती उईके ने 10,000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। पर्यावरण संरक्षण और महिला सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय हरियाली यात्रा के तहत पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय ग्रामीणों, संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

# भैंसदेही में शौर्यदल की कार्यशाला संपन्न

**भैंसदेही।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भैंसदेही के तत्वाधान में शौर्य दल के सदस्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यशाला में विभाग के सहायक संचालक संजय गहरवाल बाल संरक्षण अधिकारी बैतूल, भैंसदेही परियोजना अधिकारी उषा मसीह, आवाज संस्था से भूपेंद्र लोखंडे ,प्रदीपन संस्था से संजना आंजने पुलिस थाना भैंसदेही से प्रीती पाटील एवं चांदनी उइके प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु भैंसदेही एवं भीमपुर ब्लॉक से



कुल 16 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में बाल संरक्षण अधिकारी संजय गहरवाल ने घरेलू हिंसा को रोकने एवं परिवार में परामर्श देने, समाज में भ्रूण हत्या रोकने,बाल विवाह रोकने एवं किसी भी प्रकार की हिंसा से पीडति महिला/बालिका को उसके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए शौर्य दल जागरूकता का कार्य करेंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समझाइस देते हुए कहा कि महिला अपराधों के संबंध में कानून में विशेष प्रावधान किए गए हैं । आवश्यकता पड़ने पर आप लोगों को कानून का उपयोग करना चाहिए।